काली काली अलकों के

(मेरा इश्क़ नज़र तुझे देखना, किसी बंदगी से कम नहीं
करो मेरा शुक्रिया मेहरबान, तुझे दिल में हमने वसा लिया
आप इस तरह से होश, उड़ाया न कीजिए ॥
यूँ बन सँवर के सामने, आया न कीजिए ॥)

काली काली अलकों के ॥, फंदे क्यों डाले
हमे ज़िंदा रहने दे, ऐ मुरली वाले
मुरली वाले मुरली वाले, मुरली वाले मुरली वाले

सित्तमगर हो तुम, खूब पहचानते हैं
तुम्हारी अदाओं को, हम जानते हैं
फ़रेबें मोहब्बत में, उलझाने वाले
हमे ज़िंदा रहने दे, ऐ मुरली वाले
मुरली वाले मुरली वाले, मुरली वाले मुरली वाले

ये रंगीले नैना, तुम्ही को मुबारक
ये मीठे मीठे बैना, तुम्ही को मुबारक
हमारी तरफ से, निगाहें हटा ले
हमे ज़िंदा रहने दे, ऐ मुरली वाले
मुरली वाले मुरली वाले, मुरली वाले मुरली वाले

सँभालो जरा ये, पीतांबर गुलाबी
ये करता है दिल में, हमारे खराबी
जो तेरा हुआ उसको, क्या कोई सँभाले
हमे ज़िंदा रहने दे, ऐ मुरली वाले
मुरली वाले मुरली वाले, मुरली वाले मुरली वाले

यहाँ तुमने चेहरे से, पर्दा हटाया
वहीं अहले दिल को, तमाशा बनाया
बना ले बावरी को अब, अपना बना ले
हमे ज़िंदा रहने दे, ऐ मुरली वाले
मुरली वाले मुरली वाले, मुरली वाले मुरली वाले

अपलोड कर्ता- अनिल भोपाल बाघीओ वाले

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6104/title/kali-kali-alko-ke-fande-kyu-dhale-hume-zinda-rehne-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |